"निर्देशन एवं परामर्श में डिप्लोमा" (DGC-24)
नियम एवं शर्तें

1. निर्देशन एवं परामर्श में डिप्लोमा (**DGC-24)** में प्रवेश हेतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा समकक्ष से मनोविज्ञान में न्यूनतम 55% अंक के साथ स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त अभ्यर्थी ही पात्र होंगे|
2. अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग को न्यूनतम योग्यता में 5% अंकों की छूट प्रदान की जायेगी|
3. डिप्लोमा कार्यक्रम अवधि - न्यूनतम -1 वर्ष, अधिकतम - 2 वर्ष होगी|
4. डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु कुल सीट 50 होगी| उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या /24/xxx/(2)/2020-53(01)/2001 दिनांक 22 मई 2020 के नियमानुसार आरक्षित वर्ग हेतु कुल सीटों पर छूट का प्राविधान लागू होगा|
5. अध्ययन सामग्री हिन्दी में उपलब्ध कराई जायेगी|
6. इच्छुक अभ्यर्थी को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट (www.uou.ac.in) पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन फॉर्म को भरना होगा।
7. चयन प्रक्रिया मेरिट पर आधारित होगी| शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ऑफ़लाइन सत्यापन/काउन्सिलिंग हेतु बुलाया जायेगा|
8. बी.एड./ विशिष्ट बी.एड एवं मनोविज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थी को वरीयता दी जायेगी|
9. दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में मनोविज्ञान के क्षेत्र कार्यरत अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।
10. डिप्लोमा कार्यक्रम आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी (अध्ययन केंद्र कोड: 16000) में ही संचालित किया जाएगा|
11. डिप्लोमा कार्यक्रम के इंटर्नशिप एवं परियोजना संबंधी गाइडलाइन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी| गाइडलाइन में परिवर्तन या संशोधन किये जाने पर परिवर्तित गाइडलाइन चल रहे सत्र के शिक्षार्थियों पर लागू होगी जिसका पालन शिक्षार्थियों के लिये अनिवार्य होगा|
12. सेवारत उम्मीदवारों को प्रवेश लेने से पूर्व अपनी संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है|
13. उम्मीदवारों को आवेदन फॉर्म के साथ आवेदन शुल्क 1000=00 (एक हजार रुपये) ऑनलाइन जमा करना होगा|

प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु निर्देश

निर्देशन एवं परामर्श में डिप्लोमा हेतु चयन प्रक्रिया मेरिट पर आधारित होगी| आवेदन के उपरांत शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ऑफ़लाइन सत्यापन/काउन्सिलिंग हेतु बुलाया जायेगा| उपलब्ध सीटों एवं योग्यता के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा। ऑफ़लाइन सत्यापन/काउन्सिलिंग हेतु निम्न प्रमाण पत्रों के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा|

1. स्व-प्रमाणित हाई स्कूल अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र
2. स्नातक अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र
3. स्नातकोत्तर अंक तालिका एवं प्रमाण पत्र
4. कैटगरी प्रमाण पत्र
5. संस्था अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित सेवारत/ अनुभव प्रमाण पत्र
6. प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु मूलप्रति साथ में लाना आवश्यक है|

ऑफ़लाइन सत्यापन/काउन्सिलिंग आदर्श अध्ययन केंद्र हल्द्वानी (अध्ययन केंद्र कोड: 16000) होगा| तिथि एवं समय के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा|

अधिक जानकारी के लिये निम्न मेल आई डी पर संपर्क किया जा सकता है|

dops@uou.ac.in